तकनीक से होगा समस्याओं का समाधान : प्रो. सिंह

डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी संस्थान का नौवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

संवाद न्यूज एजेंसी

टनकपुर(चंपावत)। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी संस्थान का नौवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।

मुख्य अतिथि विवि के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने कहा कि छात्र समाज की छोटी-छोटी दैनिक समस्याओं के समाधान के लिए प्रोजेक्ट कार्य करें ताकि इंजीनियरिंग तकनीकों का प्रयोग कर सामाजिक समस्याओं का समाधान हो सके।

बृहस्पतिवार को स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रोफेसर सिंह और संस्थान के निदेशक प्रोफेसर हरद्वारी लाल मंडोरिया ने की। बीटेक प्रथम वर्ष के छात्रों के ओरिएंटेशन प्रोग्राम का भी शुभारंभ कुलपति ने किया। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

इनमें वंशिता कश्यप का सोलो गायन, तेजश्वरी सिंह का सोलो नृत्य, अंकित जोशी का वाद्य यंत्र के साथ गायन, गौरव का बांसुरी वादन, मीनाक्षी ज्याला का सोलो गायन और हर्षिता और समूह नृत्य रहे।

संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मंडोरिया ने संस्थान की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच के तृतीय वर्ष के छात्र उत्तम तिवारी को कुलपति ने वैश्विक मंच ट्रेड टॉक पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

इंजीनियरिंग कॉलेज के स्थापना दिवस पर बीटेक के छात्र उत्तम तिवारी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. ओंकार सिंह। संवाद

छात्र उत्तम तिवारी को कुलपति ने वैश्विक मंच ट्रेड टॉक पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया

पाइथन विथ आईओटी एप्लिकेशन कार्यशाला में मुख्य वक्ता सॉफ्ट प्रो ग्रुप की सीईओ याशी अस्थाना और सीटीओ रोहित कुमार ने पाइथन प्रोग्रामिंग और उसके उपयोगों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में डॉ. अभिषेक पाठक, डॉ. देव प्रकाश सत्संगी, डॉ. भूपेंद्र कुमार, अंजना, डॉ. जगत पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता